तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 28 सितंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


4 चहुंओर बह रही भक्ति की बयार



## खबर संक्षेप

### सागौन का अवैध परिवहन करते पकड़ा गया वाहन



**बैकुण्ठपुर।** वन परिक्षेत्र बैकुंठपुर अंतर्गत वन विभाग की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान अवैध रूप से सागौन लठ्ठा परिवहन करते हुए एक वाहन को पकड़ा है। वन परिक्षेत्राधिकारी बैकुंठपुर के नेतृत्व में सर्किल छिंदडांड एवं जमगना केकर्मचारियों द्वारा 26 सितंबर की मध्य रात्रि में गश्त के दौरान बीट जगदीपुर से संदिग्ध वाहन का पीछा किया गया। पीछा करते हुए ग्राम उरूमदुग्गा में अशोक लीलेंड वाहन क्रमांक यूपी 64 सीटी 4667 को पकड़ा गया। वाहन की तलाशी में अवैध सागौन लठ्ठा के 3 नग बरामद किए गए। वाहन को जब्त कर वन विभाग द्वारा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### 7 किलो गांजा व नशीले इंजेक्शन का नष्टीकरण

**मनेन्द्रगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज सरगुजा के निर्देशानुसार शनिवार को एमसीबी जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। जिले के थाना खड़गवां, चिरमिरी, झगराखाण्ड, मनेन्द्रगढ़, केल्हारी एवं जनकपुर में वर्ष 2021 से 2025 तक नारकोटिक्स एक्ट के तहत दर्ज कुल 16 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थ गांजा एवं नशीली इंजेक्शनों का विधिवत नष्टीकरण किया गया। इस कार्रवाई के अंतर्गत 7 किलो 430 ग्राम गांजा, जिसकी बाजार कीमत 80 हजार 500 रूपए आंकी गई है तथा 131 नग नशीली इंजेक्शन जिनकी कीमत 2 हजार 600 रूपए हैं, जिसे को अधिकृत प्रक्रिया के तहत नष्ट किया गया।

## ग्रापं नगर के पहाड़पारा की घटना, मोहल्ले में फैला उल्टी-दस्त

# उल्टी-दस्त से 2 की मौत 9 लोगों की बिगड़ी हालत





प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगर में इलाज के लिए भर्ती मरीज।

### प्रारंभिक जांच में कारण स्पष्ट नहीं

पहाड़पारा में जिन परिवारों में अचानक दो दिनों में उल्टी दस्त शुरू हुई, इसकी जांच के लिए स्वास्थ्य टीम मौके पर पहुंची तो टीम को पूछताछ केबाद स्पष्ट कारण का पता नहीं चल पाया कि खान पान से ऐसा हुआ या फिर पेयजल के दूषित से। फिलहाल जलस्त्रोतों का नमूना लिया गया है, जिसकी जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

### रात्रि में भी ड्यूटी पर रहेंगे कर्मी

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगर के प्रभारी डॉ.नीरज सिंह ने बताया कि पहाड़पारा में उल्टी दस्त की शिकायत मिलने के साथ ही स्वास्थ्य टीम तत्काल पहाड़पारा मोहल्ले पहुंच कर भ्रमण कर स्थित का जायजा लिया और प्रभावितों को अस्पताल ले जाया गया है। कुछ नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती है। वहीं स्वास्थ्य कर्मी रात्रि में भी सेवा देंगे। वहीं आपात स्थिति के लिए एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर/नगर।

कोरिया जिले के जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत नगर के पहाड़पारा मोहल्ले में उल्टी दस्त से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला व पुरूष शामिल हैं।

वहीं 9 पीड़ितों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगर तथा जिला अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। इनमें से एक की गंभीर हालत को देखते अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मृतक एवं पीड़ित परिवार गोड़ जनजाति के अंतर्गत आते हैं। घटना की जानकारी मिलने पर स्वास्थ विभाग की टीम गांव में पहुंच कर प्रभावित परिवारों से मिला और उनके द्वारा पेयजल स्त्रोत का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया। फिलहाल सभी प्रभावितों का उपचार अस्पताल में किया जा रहा है, वहीं स्वास्थ्य विभाग एलर्ट मोड में है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नगर के पहाड़पारा में दो दिनों के भीतर उल्टी दस्त के मामले आए जिनमें दो की मौत हो चुकी है और पीड़ितों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगर एवं जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया। पहाड़पारा के प्रभावित परिवारों में उल्टी दस्त दो दिनों पूर्व शुरू हुआ और इसी दौरान विजय सिंह उर्फ नंदू उम्र 35 वर्ष तथा महिला फूलमती पति ललन सिंह उम्र 55 वर्ष की उल्टी दस्त से एकाएक हालत बिगड़ी और उनकी उपचार के पूर्व ही मौत हो गई। इस घटना की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को मिलने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इन पीड़ितों को अस्पताल में किया गया भर्ती

ग्राम नगर के पहाड़पारा में उल्टी दस्त से दो की मौत की खबर के बाद स्वास्थ्य टीम तत्काल पीड़ति मोहल्ले में पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया, इनमें से उल्टी दस्त से प्रभावित लोगों को तत्काल एम्बुलेंस की सहायता से उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। जिन प्रभावितों को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती किया गया, उनमें मनीष सिंह, इंद्रलोक सिंह, करन सिंह, राम राघव सिंह सुखमन तथा श्याम बाई शामिल हैं। इन प्रभावितों में दो की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल भेजा गया, इनमें से श्याम बाई की स्थिति अत्यधिक खराब होने के कारण मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रिफर कर दिया, शेष का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगर में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

### की जा रही निगरानी

पहाड़पारा में 25 सितंबर को एक ही परिवार के लोगों के बीच मांसाहार की पार्टी हुई थी, इसमें उल्टी दस्त जैसी शिकायत सामने आई, इसके बाद गांव में हमारी टीम ने सर्वे की है। चिकित्सकों की निगरानी में सभी की स्थिति सामान्य हैं। दो की मौत हुई है, इसके कारण हृदय रोग संबंधी भी हो सकते हैं।

-डॉ. प्रशांत सिंह, सीएमएचओ कोरिया

## स्कूलों के पट हुए बंद, 4 अक्टूबर तक अवकाश

**बैकुण्ठपुर।** विद्यालयों में दशहरा का अवकाश 28 सितंबर से शुरू हो गई है। हालांकि स्कूल शिक्षा विभााग द्वारा दशहरा का अवकाश 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक प्रदान किया है, लेकिन अवकाश शुरू होने के पूर्व 28 सितंबर को रविवार अवकाश है और अवकाश समाप्त होने के दूसरे दिन रविवार पड़ रहा है। इस तरह 6 दिन के घोषित अवकाश पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को दो रविवार की अतिरिक्त अवकाश मिल रहा है। इस तरह इस बार दशहरा का अवकाश कुल 8 दिनों का मिल रहा है। अवकाश के बाद विद्यालय 6 अक्टूबर को खुलेंगे। सरकारी विद्यालयों में शनिवार को सुबह स्कूल संचालन के बाद पूर्वान्ह 11:30 बजे छुट्टी दी गई, वहीं केन्द्रीय विद्यालय में शनिवार से ही दशहरा का अवकाश घोषित है और आगामी 7 अक्टूबर तक अवकाश मिला है। ▶▶ शेष पेज 4 पर







## खबर संक्षेप

### इस्तेखार ने कम्प्यूटर साइंस में हासिल की पीएचडी की डिग्री



**सीतापुर।** कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल करते हुए नगर के वार्ड क्रमांक 6 निवासी मो. इस्तेखार ने सनराइज यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में पीएचडी की डिग्री हासिल की है। वर्तमान में वे भारती यूनिवर्सिटी दुर्ग में सहायक प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवा दे रहे है। नगर में कंप्यूटर शिक्षा का पर्याय रहे डॉ. इस्तेखार ने यह उपलब्धि कड़ी मेहनत और लगन से हासिल की है। मौजूदा समय में वो भारती विश्वविद्यालय के छात्रों को कंप्यूटर साइंस की शिक्षा दे रहे है। इनकी इस उपलब्धि से पूरा परिवार गौरवांवित महसूस कर रहा है।

### भारत सिंह महानदी भवन के सांसद प्रतिनिधि नियुक्त



**अम्बिकापुर।** सांसद चिंतामणि महाराज ने अम्बिकापुर निवासी भारत सिंह को अपना प्रदेश प्रतिनिधि नियुक्त किया है तथा उन्हें रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन के सभी विभागों में सांसद का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सांसद प्रतिनिधि भारत सिंह ने बताया कि वे सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा सौंपी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक पूरा करने एवं क्षेत्र के लोगों की हर संभव मदद करने का प्रयास करने की बात कही है।

### पीजी कॉलेज के दो स्वयं सेवकों को सीएम ने किया सम्मानित



**अंबिकापुर।** रासेयो के स्थापना दिवस पर 24 सितम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सरगुजा के दो स्वयं सेवकों को श्रेष्ठ स्वय सेवक का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह में अतिथियों ने शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्वयं सेवक सोन कुमारी सिंह एवं रेणू खलखो को छत्तीसगढ़ के श्रेष्ठ स्वयं सेवक का सम्मान प्रदान किया। अतिथियों में उच्च शिक्षा सचिव डॉ. एस भारतीदासन, उच्च शिक्षा आयुक्त डॉ. संतोष देवांगन, रासेयो क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक श्रोत्री, राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. नीता वाजपेई शामिल थे। इस दौरान जिला संगठक खेम करण अहिरवार, कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार, श्रृष्टि शेफाल सहित राज्य भर के कार्यक्रम अधिकारी व स्वयं सेवक उपस्थित थे।

### कुम्दा कॉलोनी क्षेत्र में 24 घंटे से ब्लैक आउट की स्थिति

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा कॉलोनी सहित दोनों खदानों में पिछले 24 घंटे से बिजली गुल रहने के कारण पूरा इलाका अंधेरे में डूबा हुआ है।बताया गया कि बिश्रामपुर के 132 केवी सबस्टेशन से सीधे लाइन भटगांव कॉलरी गई हुई है, इसी लाइन में दतिमा से टैपिंग कर कुमदा में लाइन बिछाई गई है,इसी लाइन में फॉल्ट आ जाने से पिछले दो दिनों से कुमदा में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बैठ गई है, ऐसे में दोनों खदान बलरामपुर 10-12 और 7-8 सहित कुमदा कॉलोनी में ब्लैक आउट की स्थिति बनी हुई है,भारी उमस में कुमदा कॉलोनी सहित खदान के कर्मी व परिजन बेचैन हैं।वर्तमान में नवरात्र का समय चल रहा है, लोग दिन दिन भर उपवास में रहते हुए आराधना में लीन रहते हैं,ऐसे में बिजली आपूर्ति ठप्प होने से इसका असर पानी सप्लाई पर भी पड़ा है जिससे लोगों के रोजमर्रा के काम व दिनचर्या प्रभावित हुई है, दोनों खदान के 500 से अधिक कर्मी यहां पदस्थ हैं,इसके बावजूद खदान के विद्युत अमले की लापरवाह कार्यशैली कॉलोनी वासियों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है,गौरतलब है कि कुमदा सहक्षेत्र की दोनों खदान करीब 4 माह से बंद पड़ी हुई है, वर्तमान में दोनों खदान में पानी सुखाने के लिए डी वाटरिंग का कार्य चल रहा है,बलरामपुर खदान के मैनेजर सीआर सीदार ने बताया कि लाइन में त्रुटि ढूंढने में कर्मचारी लगे हुए हैं, एक दो फाल्ट को ठीक कर लाइन चार्ज किया भी गया, लेकिन पुनः शॉर्ट हो जाने से ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित हुई है,उन्होंने कहा कि जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

### डीएमक्यू कॉलोनी के आंगन में खड़ी बाइक की हुई चोरी, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल में चोरों का उत्पात जारी है,दो दिन पहले मुख्य मार्ग में सांवरिया फर्नीचर दुकान के तीसरे माले का वेंटिलेशन तोड़ कर दुकान में रखे कई लाख के कीमती सामान पार कर देने के बाद चोरों ने गुरुद्वारा के समीप एसईसीएल डीएमक्यू डबल स्टोरी के आठ नंबर क्वार्टर में रहने वाले चंद्रमणि पति स्व.सुजीत सिंह की बजाज पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 15 डी वाई 8287 को आँगन के भीतर से चुरा कर भाग निकले।सुबह जब परिजन ने उठकर बाहर देखा तो बाइक मौके पर नहीं दिखी,बाइक खोजने पश्चात नहीं मिल पाने की स्थिति में प्रार्थी ने इसकी सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दी।पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(ए),331(4) का अपराध दर्ज किया है।

बजरंगबली, मां दुर्गा मां काली, शंकर पार्वती, राधा कृष्ण की झांकियां ने मोहा मन

# जगराता कार्यक्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ भक्ति गीतों पर पूरी रात झूमते रहे श्रद्धालु



जागरण की प्रस्तुति देते कलाकार।


भक्ति गीत में झूमते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बस स्टैंड स्थित मां दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित जगराता में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। पूरी रात श्रद्धालु भक्ति गीतों में झूमते नजर आए।

**खास बात**
- मां वैष्णवी जागरण मंच के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रतापपुर बस स्टैंड परिसर में स्थापित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा आस्था और आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। सुबह-शाम दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। माता रानी की झलक पाते ही भक्तों के चेहरे पर भक्ति और उत्साह झलक उठता है। पंडाल परिसर में प्रतिदिन अलग-अलग श्रद्धालुओं की ओर से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ हजारों भक्त प्रसाद ग्रहण करते है। इसी क्रम में माँ वैष्णवी जागरण मंच के कलाकार भजन गायक बबीता विश्वास की टीम द्वारा भव्य जगराता और भाव-झांकियों का आयोजन किया गया। बजरंगबली, मां दुर्गा मां काली, शंकर पार्वती, राधा कृष्ण की झांकियां ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। जस गीत में सैकड़ों लोग झूमते नजर आए। जगराता में छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने माता रानी की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। देर रात तक भजनों और तालियों की गड़गड़ाहट ने पंडाल को दिव्य रंग में रंग दिया। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर माता रानी के जयकारे लगाते रहे। जगराता कार्यक्रम को विधायक शकुंतला सिंह ने मां दुर्गा पूजा समिति को भेंट किया, जहां लोगों ने विधायक की सराहना की। आयोजन समिति में राजेश गुप्ता, अनिल अग्रवाल, अरविंद जयसवाल, अनमोल शर्मा, मुकेश तायल, कमलेश गुप्ता, गुलाब तिवारी, अक्षय तिवारी,, संजय जायसवाल, नवीन सोनू जायसवाल, अंकित जायसवाल, अमित सोनी, सोनू कश्यप, बुली अग्रवाल, आनंद शुक्ला, सीबू सिंह, समलेश गुप्ता, सूर्या जायसवाल, अजय, काजू कश्यप, गोलू अग्रवाल, शेखर शर्मा, सोनू रजक, शुभम कश्यप, रूपम मित्तल, अरमान शर्मा, अंकित रजक, गोलू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष बच्चे उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा के अवसर पर हो रहे विविध कार्यक्रम



लहपटरा। हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा का आयोजन ग्राम पंचायत लहपटरा में किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा खेल एवं भंडारा का आयोजन भी किया गया है। बच्चों के नृत्य एवं डांडिया का कार्यक्रम भी कराया जाएगा। ग्राम वासियों का कहना है कि नवरात्रि पूजा के अवसर पर पूरा गांव भक्ति भाव में डूब जाता है मां की ऐसी कृपा बनती है पूजा अर्चना से सुख शांति और समृद्धि मिलती है।

# कोल कर्मियों को मिलेगा एक लाख बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल इंडिया मानकीकरण कमेटी की देर रात तक चली, बैठक में कोल इंडिया के कर्मचारियों को सालाना बोनस पर मुहर लगा दी गई है, इस संबंध में एसकेएमएस एटक यूनियन के केंद्रीय महासचिव अजय विश्वकर्मा ने बताया कि वर्ष 2025 के लिए कोल इंडिया के 2 लाख 20 हजार कर्मचारियों को प्रति कर्मचारी 1 लाख 3 हजार रुपए बोनस भुगतान होना तय किया गया है,इस समझौते के साथ ही सरकार, बीएमएस और प्रबंधन द्वारा इंटक यूनियन को मानकीकरण की बैठक से अलग रखने की साजिश भी नाकाम हुई है,मानकीकरण की बैठक में इंटक यूनियन को शामिल करते हुए बोनस के समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया गया है,उन्होंने बताया कि कोलकाता में आयोजित कोल इंडिया मानकीकरण समिति की बैठक भारी गहमागहमी के बीच संपन्न हुई, मानकीकारण की बैठक में प्रबंधन द्वारा वर्ष 2024-25 के वित्तीय स्थिति की रिपार्ट प्रस्तुत कर कोल इंडिया के स्थाई कामगारों के लिए 90 हजार 800 रुपए बोनस का प्रस्ताव रखा गया,जिसे यूनियन प्रतिनिधियों ने एक सिरे से खारिज करते हुए दो बार बैठक से वाक्आउट भी किया,अंततः आधी रात को तीसरी बार बैठक शुरू हुई और काफी गहमा गहमी के बीच कोल इंडिया के प्रत्येक कर्मचारी को एक लाख तीन हजार रुपए बोनस भुगतान पर सहमति बनी,उन्होंने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 26 सितम्बर को कोल इंडिया के सभी कर्मचारी को बोनस राशि का भुगतान हो जाएगा, इस बार कोल इंडिया के सभी कर्मचारियों को 2024 के मुकाबले 9250 रुपए की बढ़ोत्तरी के साथ 1 लाख 3 हजार रुपए बोनस का भुगतान होगा,मानकीकरण की बैठक के प्रारंभ में ठेका मजदूरों को बोनस भुगतान करने पर भी चर्चा हुई,पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी ठेका मजदूरों को दीपावली के पहले बोनस का भुगतान किए जाने पर सहमति बनी है,उन्होंने बताया कि माइनिंग व नॉन माइनिंग ठेका कर्मियों को भी 8.33 प्रतिशत का बोनस दिए जाने की सहमति बनी है,सालाना बोनस तय होने उपरांत कोल कर्मचारियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है और अब बाजार में भी रौनक बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

- पिछले साल के बोनस से 9,250 की हुई बढ़ोत्तरी



# राष्ट्रकवि दिनकर की जयंती पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वीर रस के कवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में चंद्रभूषण मिश्र की अध्यक्षता एवं पं.रामनारायण शर्मा, मनीलाल गुप्ता, रामलाल विश्वकर्मा एवं सच्चिदानंद पाण्डेय के आतिथ्य में काव्यगोष्ठी की।

माधुरी जायसवाल द्वारा मां महामाया की आराधना उपरांत पं.रामनारायण शर्मा ने राष्ट्रकवि दिनकर को हिन्दी साहित्य का सूर्य बताया तथा उनकी साहित्यिक यात्रा की विस्तृत जानकारी दी। पं चंद्रभूषण मिश्र ने दिनकर जी की साहित्यिक रचनाओं के संबंध में बताया। अजय सागर ने उन्हें सत्य, निष्ठा, साहस व निर्भीकता की प्रतिमूर्ति बताया। पं.सच्चिदानंद पाण्डेय ने उनकी भाषा शैली के बारे में बताया। गोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष मुकुंदलाल साहू ने सबको सुख-वैभव मिले, शांति मिले भरपूर, माधुरी जायसवाल ने सुख-दुख के भंवरजाल में फंसी हुई है मेरी नैया, अर्चना ने रवि उर्जित मुस्कान से कूष्मांडा है नाम, नीलिमा जायसवाल ने हिंदी भारत की शान है, रोशनी कार्तिक ने पलक – पावंड़े मैने बिछा कर देखा, रामलाल विश्वकर्मा ने दर्द होने से पहले दिल से निकलते है आंसू, देवेन्द्रनाथ दुबे ने भारी है दिल पे बोझ कोई मुझको संभाले, चन्द्रभूषण मिश्र ने शाम बेरूखी के पर्दे हटा लीजिए , विनोद तिवारी ने कवि सम्मेलन में कवि रचना सुनाई। गोष्ठी का संचालन अजय सागर एवं आभार प्रदर्शन आशा पाण्डेय ने किया। इस दौरान काशीचंद गुप्ता, मिथिलेश, रामाप्रसाद, विनोद कुमार गुप्ता, प्रमोद आदि उपस्थित थे।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर




शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु दीक्षारंभ समारोह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव और जनभागीदारी सदस्य श्रीमती पूर्णा जायसवाल शामिल हुए। मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के समक्ष दीप प्रज्वलन और आरती कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी सुश्री रेखा जायसवाल ने की। सर्वप्रथम, श्री हीरालाल सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए दीक्षारंभ समारोह के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के साथ, प्रत्येक वर्ष सभी महाविद्यालयों में नव प्रवेशी छात्रों के स्वागत में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य छात्रों में शिक्षा के प्रति जिज्ञासा बढ़ाना है। मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार यादव ने कहा कि स्कूली जीवन के बाद महाविद्यालय में प्रवेश एक अहम पड़ाव है। उन्होंने जोर दिया कि महाविद्यालय में छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ दीक्षा भी दी जाती है ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। श्रीमती पूर्णा जायसवाल ने छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय को कुशल प्राध्यापक मिले हैं जो विद्यार्थियों के जीवन को संवारने में सक्षम हैं और छात्रों को उनका भरपूर सहयोग लेना चाहिए। महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी रेखा जायसवाल ने स्वामी विवेकानंद के संघर्षपूर्ण जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि हर मानव के जीवन में हार व संघर्ष का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और हमें उनसे विश्वास न खोने की सीख मिलती है।

कार्यक्रम के अंत में, अतिथियों द्वारा महाविद्यालय के उन छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर उत्कृष्ट सेवा दी है। सम्मानित होने वाले छात्रों में संतोषी साहू, सुषमा साहू, आशा साहू, संजना साहू, मनीष कुमार, कुलदीप सिंह और विजय सिंह शामिल थे। इस दौरान डॉ. संजय कुमार वर्मा, मनबोध कुजूर, हीरालाल सिंह, जयशंकर भूमिजन, श्रीमती पुनीता राजवाड़े, शिवराम सिंह पैकरा, श्रीमती सुभिया सिंह ,चंद्रशेखर,हरिशंकर पैकरा सहित अन्य मौजूद रहे।

### मंदिर से लौट रही स्कूटी सवार युवतियों को टीपर ने मारी टक्कर, एक गंभीर

**धौरपुर।** लमगांव स्थित हनुमान मंदिर से पूजा कर स्कूटी से घर लौट रही युवतियों को तेज रफ्तार टीपर ने मछली नदी के पास टक्कर मार दी। दुर्घटना में सभी को गंभीर चोटें आई है वहीं एक की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है। शुक्रवार को भिलाई कला निवासी पिंकी आ. सीताराम (20 वर्ष) अपनी छोटी बहन रिंकी (17 वर्ष) व उदयपुर निवासी अपनी सहेली वंदना आ. सेतु के साथ स्कूटी से लमगांव हनुमान मंदिर गई थी। पूजा उपरांत तीनों दोपहर में वापस भिलाई कहा लौट रही थी। इस दौरान टीपर क्रमांक सीजी 15 ईए 2206 का चालक तेज रफ्तार से ओवरटेक करते हुए विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर से तीनों दूर जा गिरे तथा गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि सिर में चोट लगने के कारण वंदना अचेत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। कुछ युवकों ने वाहन का पीछा कर उसका नंबर नोट किया। टीपर ग्राम गगौली निवासी दिलीप जायसवाल का बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत सभी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि चालक दो महीने के भीतर दुर्घटना में दो लोगों की जान जा चुकी है।

# कल्चुरी डांडिया नाइट में उत्कृष्ट प्रतिभागी हुए पुरस्कृत






हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा हैहय कल्चुरी समाज द्वारा जायसवाल युवा मंच एवं महिला मंच के संयुक्त तत्वाधान में शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में शहर के होटल सिटी इन में कल्चुरी डांडिया नाईट का आयोजन किया गया। इस गरबा कार्यक्रम में एंकर दिया के साथ डीजे नीतिश द्वारा अपनी शानदार प्रस्तुति दी गयी साथ ही समाज के सभी वर्ग भक्तिमय गीत एवं रास-गरबा नृत्यों में सराबोर होकर देर रात तक झूमते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ जनों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां दुर्गा की आरती के साथ किया गया।

आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी सदस्यों के साथ-साथ बच्चों बेस्ट डांसर, गरबा क्वीन, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट मेकअप, लकी ड्रा विनर पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। विदित हो कि कल्चुरी समाज द्वारा यह आयोजन शहर में पहली बार आयोजित किया गया था। इस दौरान जायसवाल युवा मंच के अध्यक्ष आयुष जायसवाल ने कहा कि यह आयोजन समाज के एकजुटता और सहयोग कि मिसाल ई। महिला एवं युवा मंच के सदस्यों के सहयोग से ही यह संभव हो सका। उन्होंने सक्रिय भागीदारी के लिए मंच के सदस्य राजकीर्ति, अविनाश, रोहित, रमन, अनूप, रविन्द्र, शुभम, सूरज, रिषव, अंकित एवं हिमांशु की सराहना की। कार्यक्रम में महिला मंच की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता गुप्ता, श्रीमती नम्रता जायसवाल, श्रीमती सुधा जायसवाल, श्रीमती मीनू जायसवाल, श्रीमती आशिमा जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे।



# बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र शास्त्री के हाथों सम्मानित किए गए डीके

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को समाज, संस्कृति और सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने सेवा सम्मान से सम्मानित किया है। मध्यप्रदेश के खजुराहो में आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान दिया गया।

बता दें कि आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. सोने दो दशकों से न्याय, पारदर्शिता और सामाजिक समानता की स्थापना के लिए निरंतर कार्य कर रहे है। उन्होंने 4500 से अधिक आरटीआई आवेदन दायर कर सरकारी प्रणाली में पारदर्शिता लाने का कार्य किया है। इन आवेदनों के आधार पर उन्होंने 18 से अधिक जनहित याचिकाएं दायर की हैं जिनमें सुप्रीम कोर्ट में 3 महत्वपूर्ण मामले भी शामिल हैं। डॉ. डीके सोनी को सम्मान पत्र प्रदान किया। यह उनका 46वां अवार्ड सम्मान है।

- एमपी के खजुराहो में समारोह के दौरान मिला सम्मान

### अनोखी सोच के दुर्गा पूजा महोत्सव में डांडिया नृत्य का भव्य कार्यक्रम



अम्बिकापुर। अनोखी सोच संस्था द्वारा मनाये जा रहे दुर्गा पूजा महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंग जमकर चढ़ चुका है। गुरुवार को दुर्गा पूजा के अवसर संस्था द्वारा डांडिया नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मोहल्ले सहित नगर वासियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया और पारंपरिक संगीत की धुनों पर देर रात तक डांडिया और गरबा की शानदार प्रस्तुतियां दीं। पूरे पंडाल परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों और आकर्षक सजावट से सजाया गया था। महिला, पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे पहुंचे और डांडिया की तालियों पर थिरकते नजर आए। ढोल और संगीत की धुन पर बना माहौल इतना मनमोहक था कि उपस्थित हर व्यक्ति झूम उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ दुर्गा की भव्य आरती से हुआ। कार्यक्रम का सबसे आकर्षण का केंद्र रहा भगवान श्री कृष्ण और राधा जी जोड़ीं, जिन्होंने अपने शानदार नृत्य कला से दर्शकों का मन मोह लिया और उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में 7 तक जमा होगा आवेदन

अनूपपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय समिति ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9 वीं और 11 वीं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा के आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 7 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। समिति द्वारा जारी जानकारी के अनुसार पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि के बाद छात्रों एवं अभिभावकों की मांग पर यह निर्णय लिया गया है। इच्छुक विद्यार्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।



## एमी अवॉर्ड्स की बेस्ट एक्टर कैटेगरी में दिलजीत का नाम

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने फैंस को खुशखबरी दी है। इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स की बेस्ट एक्टर कैटेगिरी में उनका नॉमिनेशन हुआ है। यह नॉमिनेशन उन्हें फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में उम्दा अभिनय के लिए मिला है। दिलजीत दोसांझ ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए एमी अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन की जानकारी को फैंस के साथ शेयर किया। इस पोस्ट पर उन्होंने लिखा, 'यह सब आपकी वजह से है, इम्तियाज सर।' इस पोस्ट को दिलजीत इम्तियाज अली को भी टैग करते हैं। 'अमर सिंह चमकीला' फिल्म को इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स में एक और नॉमिनेशन मिला है। इसे टीवी फिल्म/मिनी सीरीज कैटेगरी में भी जगह मिली है।

लाइफ Style

# कल्कि



## नारी शक्ति से ही चलता है जीवन

नवरात्र के पांचवें दिन माता स्कंदमाता की पूजा की जाती है, जो मातृत्व, पोषण और देखभाल की प्रतीक मानी जाती हैं। इस अवसर पर एक बातचीत में कल्कि केकलां ने कहा कि, यह दुनिया महिलाओं के बिना नहीं चल सकती। नारी शक्ति से ही जीवन चलता है, इसे कभी मत भूलिए।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दुनिया के कई हिस्सों में नारी शक्ति का सम्मान किया जाता है, चाहे वह गर्भ की पूजा हो या भारत में शक्ति की पूजा।' उन्होंने कहा कि नवरात्र के पहले दिन मुझे सबसे ज्यादा खुशी तब हुई जब मेरी बेटी अपनी नैनी (हेल्पर) के साथ पड़ोस में जाकर डांडिया और गरबा कर रही थी। मेरा मानना है कि ऐसे त्योहार समुदाय को जोड़ते हैं, पड़ोसियों से बातचीत बढ़ाते हैं और एक-दूसरे की संस्कृति का हिस्सा बनने का मौका देते हैं। अपनी बेटी को इस तरह उत्साह और खुशी के साथ जुड़े देखना बेहद सुखद अनुभव था।' बचपन में हमें नवरात्र के मौके पर बुराई पर अच्छाई की जीत की कहानी सुनाई जाती थी। मां दुर्गा का चित्र मुझे सबसे शक्तिशाली लगता था। मुझे यह देखकर आश्चर्य होता था कि उनके दस हाथ हैं। मैं सोचती थी कि काश मेरे भी दस हाथ होते। मां दुर्गा को नए कपड़े पसंद हैं तो नए कपड़े पहनते थे। ये यादें मुझे हमेशा देवी की शक्ति की याद दिलाती हैं।'

मातृत्व आपके जीवन को पूरी तरह से बदल देता है। कलाकार के रूप में काम करते हुए रात में जागना और दौड़ भाग करना अलग है, पर जब आप मां बन जाते हैं तो फिर आप अपने बच्चे के अनुसार दिनचर्या बनाते हैं। यह आपको सशक्त और आत्मनिर्भर बनाता है। मातृत्व ने मुझे सिखाया कि मेरा शरीर कितना मजबूत है और यह कितना सह सकता है।..बच्चे को नौ महीने तक पालना और फिर उसे जन्म देना।

हॉलीवुड मसाला



## हॉलीवुड ने अंदर से तोड़ दिया

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के चमकते पर्दे के पीछे की सच्चाई के बारे में हाल ही में अभिनेत्री एमा वॉटसन ने बताया है। हैरी पॉटर सीरीज से घर-घर में मशहूर हुईं अभिनेत्री आखिर बीते 7 वर्षों से किसी एक्टिंग प्रोजेक्ट में नजर क्यों नहीं आईं। अब 35 वर्ष की उम्र में, उन्होंने एक पॉडकास्ट पर अपनी चुप्पी तोड़ी और बताया कि कैसे हॉलीवुड के माहौल ने उन्हें भीतर तक तोड़ दिया। एमा वॉटसन ने स्वीकार किया कि हैरी पॉटर के सेट पर उन्होंने जिस पारिवारिक जुड़ाव और दोस्ती को महसूस किया था, वही उम्मीद वह बाकी फिल्मों में भी ले आईं।



## अवतार: फायर एंड ऐश का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स कैमरून एक बार फिर अपने दर्शकों को उस जादुई और रहस्यमयी दुनिया में ले जा रहे हैं, जिसने साल 2009 से अब तक सिनेमा के इतिहास में कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। 'अवतार: फायर एंड ऐश' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसके साथ ही पेंडोरा की धरती पर संघर्ष की लपटें और तेज होती दिख रही हैं। 20वीं सेंचुरी स्टूडियोज फिल्म की रिलीज से पहले 3 अक्टूबर को 'अवतार: द वे ऑफ वॉटर' को एक हफ्ते के लिए 3डी में दोबारा सिनेमाघरों में ला रही है। वहीं, कैमरून ने चौथे और पांचवें पार्ट की भी तैयारी कर ली है। अवतार 4 साल 2029 और अवतार 5 साल 2031 में रिलीज़ किए जाने का लक्ष्य है। अवतार: फायर एंड ऐश 19 दिसंबर को रिलीज होगी। इस बार कहानी और गहरी है और दर्द भी ज्यादा नजर आ रहा है। सुली परिवार अपने बड़े बेटे नेतेयाम की मौत का गम झेल रहा है। परिवार के इस दर्द के बीच पेंडोरा पर एक नई चुनौती खड़ी होती है—ऐश पीपल नाम की नई नावी जनजाति। इस जनजाति की अगुवाई वरांग कर रही हैं, जिसका किरदार ऊना चैपलिन निभा रही हैं।



## टॉम क्रूज के लिए कुछ भी करने को तैयार

**मुंबई।** अमीषा पटेल ने साल 2000 में ऋतिक रोशन के साथ फिल्म 'कहो न प्यार है' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। अपनी पहली पहली ही फिल्म से अमीषा इंडस्ट्री की नई सनसनी बन गई थीं। उनकी खूबसूरती की काफी चर्चा थी। अब अमीषा 50 साल की हो चुकी हैं और उन्होंने शादी नहीं की है। अब अमीषा ने अपने क्रश के बारे में खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि उन्हें हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज पर जबरदस्त क्रश है। एक्ट्रेस ने यहां तक कहा कि वो उनके साथ कुछ भी करने को तैयार हैं। एक बातचीत में एक्ट्रेस ने बताया कि मुझे टॉम क्रूज पर क्रश है। अगर आप उनके साथ कोई पॉडकास्ट कर सकते हैं, तो प्लीज मुझे भी उस पॉडकास्ट में बुलाएं। मुझे बचपन से ही टॉम क्रूज पसंद हैं। मेरे पेंसिल बॉक्स में, मेरी फाइलों में उनकी तस्वीर लगी रहती थी और मेरे कमरे में सिर्फ टॉम क्रूज के ही पोस्टर होते थे।



## चांद मेरा दिल में लक्ष्य संग आएंगी नजर

**मुंबई।** द बैड्स ऑफ बॉलीवुड को लेकर चर्चाओं में बने लक्ष्य लालवानी अब अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में जुट गए हैं। अब लक्ष्य धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म चांद मेरा दिल में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ अनन्या पांडे प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगी। अब फिल्म की शूटिंग से कुछ तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इनमें लक्ष्य और अनन्या एकसाथ नजर आ रहे हैं। वीडियो में लक्ष्य और अनन्या लाल रंग के आउटफिट में एक साथ रोमांटिक बाइक राइड करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जहां अनन्या लाल साड़ी और बालों में स्लीक बन में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, वहीं लक्ष्य हमेशा की तरह मैचिंग लाल कुर्ता और सफेद पायजामा पैंट के साथ नेहरू जैकेट में बेहद जंच रहे हैं। वायरल वीडियो में अनन्या ने लक्ष्य को अपनी बाहों में भर लिया है और वे बाइक की सवारी कर रहे हैं।

टीवी मसाला



## टीआरपी की रेस में इस हफ्ते अनुपमा ने मारी बाजी

नई दिल्ली। टीवी के फैंस को हर हफ्ते की टीआरपी लिस्ट का बेसब्री से इंतजार रहता है। दर्शक दिल थाम कर हर हफ्ते ये जानने के लिए बेकरार रहते हैं कि कौन सा शो टीवी की लिस्ट पर टॉप पर है और कौन सा शो इस बार टॉप 10 में अपनी जगह नहीं बना पाया। इस बार की टीआरपी चार्ट की बात करें तो, अनुपमा ने बाजी मार ली है। रुपाली गांगुली का शो अनुपमा एक बार फिर नंबर 1 स्पॉट पर काबिज है। हाल ही में शो में आए ट्विस्ट को काफी पसंद किया जा रहा है। स्मृति ईरानी का सीरियल क्योंकी सास भी कभी बहू थी...नंबर 2 पर खिसक गया। तीसरे नंबर पर भी स्टार प्लस का भी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है। टॉप 5 में इस बार एक नई एंट्री भी है। शरद केलकर का शो 'तुम से तुम तक' जो हाल ही में शुरू हुआ है, उसे भी काफी पसंद किया जा रहा है। ये शो दो ऐसे लोगों की प्रेम कहानी है, जिनके उम्र में एक बड़ा फासला है। ये सीरियल चौथे नंबर पर है। पांचवे नंबर पर सीरियल 'उड़ने की आशा' काबिज है। इसकी टीआरपी 1.7 है। इस हफ्ते जिस सीरियल को सबसे बड़ा झटका लगा है वो 15 साल से चले आ रहा शो तारक मेहता का ... है। ये शो इस बार टॉप 5 से बाहर हो गया है। अबतक ये सीरियल किसी न किसी तरह टॉप 5 में जगह बना लेता था, लेकिन इस बार शो छठे स्थान पर खिसक गया है।

### तान्या और अमाल की दोस्ती में दरार



नई दिल्ली। रियलिटी शो बिग बॉस हमेशा से अपनी ड्रामा, इमोशन और रिश्तों की कहानी को लेकर चर्चा में रहता है। इस बार सुर्खियों में हैं तान्या मित्तल और म्यूजिक कंपोजर अमाल मलिक, जिनकी दोस्ती पहले दिन से ही शो की सबसे मजबूत कड़ी मानी जा रही थी। शुरुआत से दोनों ने एक-दूसरे का हर मुश्किल वक्त में साथ दिया। चाहे तान्या का इमोशनल ब्रेकडाउन हो या अमाल का लो मोमेंट- दोनों हमेशा एक-दूसरे का सहारा बने। लेकिन, हालिया प्रोमो ने दर्शकों को हैरान कर दिया है, क्योंकि इसमें उनकी दोस्ती पर खिंचाव साफ दिखाई देता है। मेकर्स द्वारा जारी वीडियो में तान्या और अमाल के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। विवाद की शुरुआत तब हुई जब जीशान ने तान्या से सवाल किया कि उन्होंने कैप्टेंसी टास्क के दौरान गौरव को वोट देने की बात कही थी या नहीं। तान्या ने साफ किया कि उन्होंने केवल मजाक में यह कहा था, लेकिन असल में वोट फरहाना को ही दिया था।



## सर्च में मर्डर मिस्ट्री संग दिखा झूठ का जाल


**मुंबई।** कोंकणा सेन शर्मा ओटीटी पर कई प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुकी हैं। जल्द ही वह एक सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' में नजर आएंगी। इस सीरीज का ट्रेलर भी सामने आ चुका है। कोंकणा सेन शर्मा संजीदा किरदारों को बखूबी निभाना जानती हैं। हाल ही में उनकी एक अपकमिंग सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' का ट्रेलर रिलीज हुआ। जिसमें वह एक पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं, जो एक मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करने की कोशिश कर रही है। सीरीज सर्च-द नैना मर्डर केस के ट्रेलर में कोंकणा सेन शर्मा एक पुलिस ऑफिस के रोल में हैं। वह एक कॉलेज गर्ल की मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करने की कोशिश में लगी हैं। इस राह में उसके सामने कई चुनौतियां हैं। कई लोग शक के घेरे में हैं। इस सीरीज में एक तरफ मर्डर मिस्ट्री को दिखा गया है। साथ ही केस को सॉल्व करने के दौरान कोंकणा सेन का किरदार डिजिटल दुनिया के खतरों से भी वाकिफ होता है। इस सीरीज में सोशल मीडिया के स्याह पक्ष को दिखाने की कोशिश की गई, जिसके जाल में यंगस्टर बुरी तरह फंस जाते हैं। कोंकणा सेन स्टारर इस सीरीज की रिलीज डेट भी ट्रेलर के साथ ही शेयर की है। यह सीरीज जीयोहॉटस्टार पर 10 अक्टूबर को रिलीज होगी। यह सीरीज रोहन सिप्पी ने डायरेक्ट की है।

## लॉर्ड कर्जन की हवेली का टीजर रिलीज ब्लैक कॉमेडी-थ्रिलर से चौंकाया




मुंबई। फिल्म लॉर्ड कर्जन की हवेली के टीजर में मिर्जापुर सीरीज फेम एक्ट्रेस रसिका दुग्गल, एक्टर अर्जुन माथुर और परेश पाहुजा जैसे एक्टर्स नजर आए। चंद सेकंड का यह टीजर ब्लैक कॉमेडी, थ्रिलर के जरिए चौंका देता है। टीजर में नजर आता है कि फिल्म का एक किरदार एक बड़ा सा बॉक्स खोलता है। जिसके बाद शुरू होती है, सच और झूठ की कहानी। फिल्म अचाकन थ्रिल और ब्लैक कॉमेडी के जॉनर में चली जाती है। रसिका के किरदार का एक डायलॉग है, 'तुम्हें पता भी है जोक क्या होता है?' इसके बाद टीजर के आखिर में भी लिखा आता है, 'यह जोक नहीं है।' एक्टर अंशुमन झा निर्देशित फिल्म 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसकी रिलीज डेट 10 अक्टूबर है। फिल्म को बिकास मिश्रा ने लिखा है। फिल्म में रसिका और बाकी किरदार काफी रहस्यमयी किस्म के किरदार निभा रहे हैं। अंशुमन झा ने अपने इंस्टाग्राम पर भी फिल्म का टीजर शेयर किया है। इस टीजर पर यूजर्स ने भी रिएक्शन दिया है। एक यूजर्स लिखता है, 'ये तो कुछ अनोखा सा लग रहा है। इसे जल्द ही देखने का इंतजार है।' एक अन्य यूजर ने कमेंट किया 'इस फिल्म को देखने के लिए एक्साइटेड हूं क्योंकि 2023 से इस फिल्म के बारे में सुन रहा हूं।' कई यूजर रसिका, अर्जुन और परेश पाहुजा को साथ देखकर खुश हैं।

## महायोद्धा राम में रावण की आवाज बने गुलशन ग्रोवर ने खींचा ध्यान



**मुंबई।** भगवान श्रीराम पर बन रही एनिमेटेड फिल्म 'महायोद्धा राम' के निर्माताओं ने शुक्रवार को फिल्म का टीजर जारी कर दिया है। इसमें रावण की आवाज बने गुलशन ग्रोवर दर्शकों को ध्यान आकर्षित करते नजर आ रहे हैं। टीजर में वर्षों से सुनी जा रही भगवान राम के अवतार की कहानी दिख रही है, वो भी एनिमेटेड फॉर्म में। टीजर की शुरुआत रावण की तपस्या से होती है और उसे अमर होने का वरदान मिलता है। इसके बाद श्रीराम का जन्म धरती पर होता और फिर आगे की कहानी बढ़ती है, जिसमें सबसे अहम भगवान राम और रावण के बीच का युद्ध है। टीजर में रावण की आवाज में गुलशन ग्रोवर दर्शकों का ध्यान खींचते नजर आ रहे हैं। आपको बताते चलें कि फिल्म में श्रीराम की आवाज कुणाल कपूर बने हैं, तो जिमी शेरगिल भगवान लक्ष्मण की आवाज देंगे। इसके अलावा माता सीता की आवाज मौनी रॉय बनेंगी और लंकाधिपति रावण की दमदार आवाज को गुलशन ग्रोवर देंगे। 'महायोद्धा राम' फिल्म 17 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। यह फिल्म 3 डी वर्जन में दर्शकों को देखने को मिलेगी, जो शानदार अनुभव प्रदान करने का वादा करती है। फिल्म के ट्रेलर के बाद दर्शकों की बेसब्री बढ़ती दिख रही है। 'महायोद्धा राम' फिल्म का निर्देशन रायजादा रोहित और जयसिंह वैद द्वारा किया गया है।

### ये नौ दिन उत्सव ही नहीं, बल्कि भक्ति, अनुशासन और आत्मबल का प्रतीक

# टीवी कलाकारों ने शेयर की नवरात्र की खूबसूरत यादें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नवरात्र पर पूरे भारत में खुशी-भक्ति और उत्सव का माहौल है। मां दुर्गा की आराधना और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक यह पर्व हर वर्ग के लोगों के दिलों में एक खास स्थान रखता है। इसी भाव को मनाते हुए, सोनी सब के कलाकारों ने नवरात्र से जुड़ी अपनी खास यादें और अनुभव साझा किए हैं। परिवार के साथ उपवास रखने से लेकर गरबा रातों में थिरकने तक- ये यादें न केवल त्योहार का सार बताती हैं, बल्कि इन कलाकारों के दिलों में बसे इन परंपराओं से गहरे जुड़ाव को भी दर्शाती हैं।



### आशी सिंह

उफ़्फ ये लव है मुश्किल में कैरी शर्मा की भूमिका निभा रहीं आशी सिंह ने कहा, नवरात्र हमेशा से मेरे लिए बहुत खास पर्व रहा है। मेरे लिए ये नौ दिन केवल उत्सव नहीं बल्कि भक्ति, अनुशासन और आत्मबल का प्रतीक हैं। मुझे बहुत अच्छा लगता है जब चारों तरफ गरबा और डांडिया की धुनों से माहौल जीवंत हो जाता है। बचपन में मैं रंग-बिरंगी चनिया-चोली पहनकर दोस्तों के साथ नाचने के लिए हमेशा उत्साहित रहती थी। आज भी, शूटिंग शेड्यूल कितना भी व्यस्त हो, मैं कम से कम एक गरबा रात में जरूर शामिल होने की कोशिश करती हूं।



### ऋधिमा पंडित

उफ़्फ ये लव है मुश्किल में लता की भूमिका निभा रहीं ऋधिमा पंडित कहती हैं, "मेरे लिए नवरात्र का मतलब है सकारात्मकता और भक्ति। बचपन में मुझे याद है कि मैं मां के साथ पूजा के दौरान प्रसाद बनाने में मदद करती थी और इन पारिवारिक परंपराओं से हमें बहुत करीब ला देती थीं। मुझे इस त्योहार की सबसे खास बात यही लगती है कि यह हर उम्र के लोगों को साथ लाकर एक परिवार की तरह जोड़ देता है। सब मिलकर नाचते, गाते और प्रार्थना करते हैं।



### गरिमा परिहार

पुष्पा इम्पॉसिबल में दीप्ति की भूमिका निभा रहीं गरिमा परिहार ने कहा, नवरात्र मेरे दिल के बहुत करीब है। मेरी मां हमेशा पूजा करती हैं और मैं बचपन से ही देवी मां की भक्त रही हूं. मां के साथ व्रत रखना और छोटी बच्चियों को भोजन कराना मेरे लिए बहुत यादगार पल होते हैं। इस साल पुष्पा इम्पॉसिबल की शूटिंग के कारण मैं दोस्तों के साथ गरबा रातों का आनंद नहीं ले पाऊंगी, लेकिन नवरात्रि की सकारात्मक ऊर्जा और देवी मां के प्रति मेरी श्रद्धा इस त्योहार को मेरे लिए हमेशा खास बना देती है।



### ऋषि सक्सेना

इत्ती सी खुशी में संजय की भूमिका निभा रहे ऋषि सक्सेना कहते हैं,"सच कहूं तो मैंने नवरात्र का असली भव्य रूप मुंबई आकर ही देखा। बचपन में मेरे लिए ये बस स्थापना पूजा और व्रत तक ही सीमित था, लेकिन मुंबई ने मुझे इसकी रंगीनियां, व्यंजन, गरबा और अंतहीन उत्सवों से परिचित कराया. जब भी समय मिलता है, मुझे लोगों को सजा-धजा देखना, सुंदर सजावटें और गरबा रातों का जोश और ऊर्जा देखना बहुत अच्छा लगता है।




### नंदिता

इत्ती सी खुशी में नंदिता की भूमिका निभा रहीं गौरी टोंक ने कहा, मैं पहले ठाणे में रहती थी और नवरात्र के दौरान हमारी सोसाइटी दफ्तर में देवी मां की सुंदर प्रतिमा स्थापित करती थी और रोज पूजा होती थी। मुझे पूजा और त्योहार बहुत पसंद हैं । लोग मुझे मजाक में पंडित भी कहते हैं! लोगों से मिलना, आरती और पूजा करना, ये सब इतना सकारात्मक और उत्साहजनक वातावरण बनाते हैं जिसे मैं बहुत संजोती हूं।

## जगह-जगह विराजी जगत जननी मां दुर्गा...


जामपारा बैकुण्ठपुर में विराजी मां दुर्गा।


फारेस्ट कालोनी सोनहत में विराजी मां दुर्गा।


सागरपुर बैकुंठपुर के स्कूल ग्राउंड में विराजी मां दुर्गा।


सोनहत के घुघरा में विराजी मां दुर्गा।

## खबर संक्षेप

### टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल द्वारा टीबी मुक्त भारत और सड़क सुरक्षा तथा सर्वशिक्षा अभियान के समान ज्वलंत समाजिक मुद्दों पर समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से मनेन्द्रगढ़ शहर के प्रमुख व्यवसायिक स्थलों में प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह नाटक केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल नई दिल्ली द्वारा निर्देशित टीबी मुक्त भारत, सर्व शिक्षा अभियान और सड़क सुरक्षा जैसे तीन महत्वपूर्ण विषयों पर केन्द्रित था। छात्रों के दमदार प्रदर्शन ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया और इन ज्वलंत सामाजिक मुद्दों पर गहराई से प्रकाश डाला।

### बारिश से दाल-सब्जी व तिलहन फसल प्रभावित

**सोनहत।** वनांचल सहित आसपास के ग्रामों में लगातार हो रही बारिश से किसानों की बाड़ी एवं डांड की फसलें प्रभावित होने लगी हैं। किसानों की आय का प्रमुख साधन रही दाल, दलहन, मटर, सरसों, आलू और विभिन्न प्रकार की सब्जियों की बोनी पर मौसम का असर दिखने लगा है। ग्राम के किसान समय लाल, देवशरण, मानसाय और शुकुल देव ने बताया कि मक्का की फसल के बाद किसान आमतौर पर बाड़ी में दूसरी फसलों की बोनी करते हैं, लेकिन लगातार वर्षा के कारण समय पर खेती नहीं हो पा रही है। सरसों, मटर, आलू, रामतील और सब्जियों की बुवाई में देरी हो रही है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। लगातार हो रही बरसात से ग्राम स्तर पर दाल-दलहन और तिलहन फसलों की बुवाई पिछड़ने लगी है। स्थिति को देखते हुए किसान हल्की मायूसी में हैं और मौसम की अनुकूलता का इंतजार कर रहे हैं।

### धान खरीदी कार्यों पर लगेगी रोक

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट द्वारा जारी के तहत वन अधिकार मान्यता पत्रों के संबंध में गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त आदेश पत्र के अनुसार अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकार की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं 2007 यथा संशोधित नियम 2012 की धारा 3(1)(क) के अंतर्गत केल्हारी अनुभाग से प्राप्त 27 हितग्राहियों के व्यक्तिगत वन अधिकार दावों का जिला स्तरीय वन अधिकार समिति जिला कोरिया की प्रथम बैठक से जिला विभाजन के पूर्व अनुमोदन सूची से मिलान करने पर दर्ज होना नहीं पाया गया है। साथ ही प्रपत्र में अंकित तत्कालीन कलेक्टर कोरिया, वनमंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ एवं सहायक आयुक्त कोरिया के हस्ताक्षर कार्रवाई विवरण से मिलान करने पर मेल नहीं खाते, जिससे यह स्पष्ट होता है कि संबंधित 27 वन अधिकार मान्यता पत्र फर्जी प्रतीत होते हैं।

## जगह-जगह भंडारे के साथ कन्या भोज का आयोजन

# चहुंओर बह रही भक्ति की बयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

> क्वांर नवरात्र के सप्तमी तिथि रविवार को शक्ति की देवी के मां कालरात्रि रूप की पूजा माता का श्रृंगार कर विधि-विधान के साथ की जाएगी। मां कालरात्रि स्वरूप में माता अपने भक्तों को शुभ फल प्रदान करती है और सभी तरह के बाधाओं व नकारात्मक शक्तियों का विनाश करती है, इसके चलते ही मां कालरात्रि को शुभकारी माना गया है।

उल्लेखनीय है कि पितृपक्ष समाप्त होने के दूसरे दिन 22 सितंबर से कलश स्थापना कर शक्ति की देवी की विधि-विधान के साथ की जा रही है। इस दौरान प्रतिदिन माता के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना की जा रही है। इस समय चहुंओर माता की भक्ति में श्रद्धालु डुबे हुए हैं। पूजा पंडालों एवं देवी मंदिरों में माता के जसगीत दिन भर गुंज रहे हैं।

देवी मंदिरो में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए जुट रही है, वहीं दुर्गा पूजा पंडालों में भी शाम ढलने के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। जैसे-जैसे नवरात्र का अंतिम दिन की ओर बढ़ताा है, वैसे-वैसे पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ती जाती है। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में कई जगहों पर माता का दरबार सजाकर पूजा-अर्चना की जा रही है, इसके अलावा जिलेभर में इन दिनों दुर्गा पूजा की धूम मची हुई है।



### शहर में गरबा उत्सव की धूम

नवरात्र में माता के विविध रूपो की पूजा-अर्चना एवं दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ तो बढ़ ही रही है, वहीं विभिन्न जगहों पर कई धार्मिक आयोजन भी होने लगे हैं। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम में तीन दिवसीय गरबा उत्सव का आयोजन 26 सितंबर को शुरू हो गया, जो 28 सितंबर तक चलेगा। वहीं 27 सितंबर से गंगाश्री के पास गरबा उत्सव कार्यक्रम शुरू हो गया, इसके अलावा विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा भी कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### भोग भंडारा का वितरण

दुर्गा पूजा पंडालों में भोग भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाता है, जहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचते है। पूजा पंडालों में दिन के अलावा शाम ढलने के बाद भी भंडारा का प्रसाद वितरण किया जा रहा है, इसके लिए सभी पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की जमकर भीड़ जुट रही है।



### रमदईया धाम में भक्तों की भीड़

नवरात्र के अवसर पर जहां दुर्गा पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है, वहीं देवी मंदिरों व आस्था केन्द्रों में भी सुबह होने के साथ ही पूजा -अर्चना करने के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अंचल का प्रमुख आस्था का केन्द्र मां रमदईया धाम में शनिवार को सुबह से भक्तों की भीड़ माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए लगी रही। विदित हो कि प्रति शनिवार को मां रमदईया धाम में श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाता है, इसके चलते प्रति शनिवार को माता के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है,लेकिन नवरात्र के मौके पर शनिवार को यहां भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही।

## हिन्द विद्यालय में गरबा नृत्य का आयोजन



**चरचा कॉलरी।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर हिन्द विद्यालय अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल में गरबा नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य शशि भूषण राय एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने पारंपरिक पोशाकों में गरबा नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव को रंगीन बना दिया।

कार्यक्रम से एक दिन पूर्व नर्सरी से केजी-2 तक के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने भी आकर्षक गरबा नृत्य कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। बच्चों को नृत्य करते देख शिक्षक-शिक्षिकाएं भी स्वयं को रोक न सके और गरबा में शामिल होकर उत्सव की खुशी को दोगुना कर दिया। कई छात्रों ने गुजराती पारंपरिक परिधानों में विशेष प्रस्तुतियां दीं, इससे माहौल उत्साहपूर्ण बन गया। विद्यालय प्राचार्य शशिभूषण राय ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय परंपराओं व सामाजिक एकता की भावना को प्रबल करते हैं।

### गरबा महोत्सव में झूमे विद्यार्थी



**मनेन्द्रगढ़।** सरस्वती विकास विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में गरबा महोत्सव का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण इस अवसर पर दीपों की ज्योति और रंग-बिरंगी सजावट से जगमगा उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय समिति के अध्यक्ष पूनम चंद अग्रवाल ने मां सरस्वती, मां दुर्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। मंगलाचरण एवं सरस्वती वंदना के साथ वातावरण भक्तिमय बन गया। विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। तालियों की गड़गड़ाहट और ढोल की थाप पर बच्चे और शिक्षक देर तक थिरकते रहे। विद्यार्थियों ने मां दुर्गा के चरणों में भावपूर्ण नृत्य अर्पित किया। इसमें उनकी श्रद्धा और उत्साह स्पष्ट झलक रही थी। विभिन्न कक्षाओं के समूहों ने गरबा, डांडिया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपरा से जुड़े रहने की प्रेरणा दी।

# सामाजिक अंकेक्षण दल ने बैकुंठपुर और सोनहत में किया आडिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में कोरिया जिले की दोनों जनपद पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण के अंतर्गत निकासी बैठकें संपन्न हुइं। इन

- **एसडीएम की अध्यक्षता में सामाजिक अंकेक्षण, बैकुंठपुर के 17 और सोनहत के 21 आपत्तियों का निराकरण**

बैठकों में सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा आडिट के दौरान ग्राम पंचायतों में दर्ज की गई आपत्तियों पर कार्य एजेंसियों ने दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए। सभी पक्षों को सुनने के बाद निर्णय पारित कर आपत्तियों का निराकरण किया गया। जनपद पंचायत बैकुंठपुर 17 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के दौरान कराए गए मनरेगा कार्यों की सामाजिक अंकेक्षण रिपोर्ट पर



निकासी बैठक आयोजित की गई। जनपद पंचायत सोनहत के 21 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत कराए गए कार्यों पर सामाजिक अंकेक्षण की निकासी बैठक संपन्न हुई।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में आयोजित इन बैठकों में ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सहायक, कार्य एजेंसी के मैदानी अमले, कार्यक्रम अधिकारी तथा सामाजिक अंकेक्षण दल के अधिकारी व सदस्य शामिल हुए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि मनरेगा के विहित प्रावधानों के तहत कलेक्टर के निर्देशानुसार बैकुंठपुर में एसडीएम उमेश पटेल और सोनहत में एसडीएम राकेश साहू ने सुनवाई कर आपत्तियों पर यथोचित निर्णय लिए हैं।

### जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक 30 को

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक 30 सितंबर को समय-सीमा बैठक के पश्चात कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार इस बैठक में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

### स्कूलपारा के अटल परिसर का शुभारंभ कल



**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा शहर के मुख्य मार्ग पर जिला उपभोक्ता प्रतितोष फोरम के बगल में नव निर्मित अटल परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की आदमकद मूर्ति स्थापित किया गया है, जिसका अनावरण 29 सितंबर किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार अटल परिसर में स्थापित स्व अटल बिहारी बाजपेयी की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में भरतपुर सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, उपाध्यक्ष आशीष यादव व पार्षद वार्ड क्रमांक 3 मनीष कुमार सिंह करेंगे।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विविध आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के कुशल निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता एवं जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा) संजय सिंह के मार्गदर्शन में भारत सरकार के महत्वाकांक्षी स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत संकुल केन्द्र कन्या बैकुंठपुर के ऑडिटोरियम में विकासखंड स्तरीय स्वच्छता प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था।

प्रतियोगिता में कुल 46 प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वच्छता ही सेवा विषय पर चित्रकला, निबंध, कविता और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक दो स्तरों पर आयोजित की गईं। निर्णायक मंडल में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर की व्याख्याता श्रीमती पुष्पा सिंह और संकुल केन्द्र कन्या बैकुंठपुर के शैक्षिक समन्वयक संजय कुमार यादव शामिल रहे। विजेताओं का चयन स्वच्छता मानकों, रचनात्मकता और भागीदारी के आधार पर किया गया। कार्यक्रम के समापन पर संकुल समन्वयक संजय कुमार यादव ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक निलेश शुक्ला एवं संकुल प्राचार्य अमृत लाल गुप्ता सहित विभिन्न संस्थाओं के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित रहे।



### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा, बरबसपुर निकली रैली



बरबसपुर। एमसीबी जिले अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर में शनिवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। शासन द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे इस स्वच्छता अभियान केतहत ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान पंचायत परिसर, शासकीय भवनों, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने मिलकर संदेश दिया कि स्वच्छता ही सबसे बड़ी सेवा है, जो हमारे जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी और आवश्यक है। इस अवसर पर जनपद सदस्य रीना अग्रवाल, सरपंच सोनमती सिंह, सचिव राम सिंह, शुभांशु शर्मा, सुरेन्द्र प्रताप सिंह आदि शामिल रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### उल्टी-दस्त से...

पर स्वास्थ्य टीम तत्काल पहाड़पारा पहुंच कर प्रभावित परिवार से मिले और आवश्यक जानकारी लिया और अन्य पीड़ितों की पहचान कर उपचार के लिए एम्बुलेंस से उपचार के लिए अस्पताल भेजा। वहीं मोहल्ले के लोगों के द्वारा जिन स्त्रोतों से पेयजल का उपयोग करते थे, उन स्त्रोत के जल का सैंपल जांच के लिए एकत्र किया गया। इसके बाद ही स्पष्ट होगा कि उल्टी दस्त पीड़ति परिवारों में कैसे हुआ। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पहाड़पारा में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा कर्मियों की ड्यूटी रात में भी लगाई गई है।

### स्कूलों के पट...

दीपावली व शीतकालीन अवकाश भी 8 दिनों का - स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दीपावली व शीतकालीन अवकाश भी 6 दिनों का दिया है, लेकिन अवकाश शुरू होने के पहले और अवकाश समाप्त होने के बाद रविवार अवकाश पड़ रहा है। इस तरह उक्त दोनों घोषित अवकाश में दो रविवार के चलते दो दिन अतिरिक्त अवकाश मिलेगा, इस तरह उक्त दोनों अवकाश 8 दिनों का मिलेगा। जानकारी के अनुसार दीपावली अवकाश 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक तथा शीतकालीन अवकाश 22 दिसंबर से 27 दिसंबर तक घोषित है।

## 31 अक्टूबर तक गिरदावरी सत्यापन कार्य पूर्ण कराएं

बैकुण्ठपुर। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में धान खरीदी के लिए गिरदावरी सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने नोडल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप 31 अक्टूबर तक सभी प्रकार का गिरदावरी सत्यापन हर हाल में पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि गिरदावरी सत्यापन का कार्य जिन अधिकारी-कर्मचारियों को सौंपा गया है वे पूरी गंभीरता से इसे समय पर पूर्ण कराएं। इस कार्य में ग्राम पंचायत सचिवों की भी ड्यूटी लगाई गई है। सभी जनपद सीईओ यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत में सचिव समय-सीमा का पालन करते हुए कार्य संपन्न कराएं। कलेक्टर ने कहा कि खसरा का भौतिक सत्यापन पीवी एप के माध्यम से किया जाएगा। यह कार्य पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता से होना चाहिए।













